पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

------

# राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन के गांधी सभागार में तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया

------

लखनऊ : 02 जून, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज राजभवन के गांधी सभागार में तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर वृत्तचित्र, रंगोली तथा प्रदर्शनी के माध्यम से तेलंगाना राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति, कला, व्यंजन, इतिहास, धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक स्थलों, प्रमुख दर्शनीय स्थलों जैसे चारमीनार, गोलकोंडा किला, रामप्पा मंदिर, वारंगल किला, देवराकोंडा फोर्ट, नागार्जुन सागर बांध, राम लिंगेश्वर मंदिर, लुंबिनी पार्क, बीएम बिरला विज्ञान केंद्र, सालार जंग संग्रहालय, पारंपरिक त्योहार, पारंपरिक परिधान एवं शिल्प के नमूने और बिरला मंदिर आदि धरोहरों से भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए माधुरी नृत्य, हार्वेस्ट नृत्य, बाटुकम्मा नृत्य, जनपद नृत्य, बंजारा नृत्य, ढिमसा नृत्य एवं लंबाड़ी जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं।

इस आयोजन के माध्यम से न केवल तेलंगाना राज्य की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विशिष्टताओं को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया गया, बल्कि "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की उस भावना को भी सशक्त किया गया जिसमें विविधता में एकता की झलक मिलती है। यह पहल राष्ट्र की सांस्कृतिक एकात्मता को सुदृढ़ करने, राज्यों के बीच आपसी समझ और सौहार्द बढ़ाने तथा भावी पीढ़ियों को भारत की गौरवशाली विरासत से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरक प्रयास सिद्ध होगी।

इस अवसर पर विशेष सचिव श्री राज्यपाल श्री श्रीप्रकाश गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज एल0 जानी, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारीगण तथा राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

———————

सम्पर्क सूत्र
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0—9161668080





















राज्य ललित कला अकादमी-उ.प्र.(संस्कृति विभाग उ.प्र.


TELANGANA


Telangana
Diwas














तेलंगाना स्थापना दिवस

